DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS- । नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शनिवार, 14 मई 2022 TED-

क्राइम कंट्रोल पर RWAs से मदद लेगी पुलिस, बनाई एडवाइजरी

■ विशेष संवाददाता, द्वारका

'अनजान बाइकर्स से रहें चौकन्ना... स्नैचिंग से बचें'

- द्वारका की सोसायटियों के लिए पुलिस ने जारी की खास एडवाइजरी
- डीसीपी की ओर से जारी एडवाइजरी में सभी गाड़ियों में जीपीएस लगवाने की सलाह भी दी गई है

द्वारका में बढ़ रही स्नैचिंग की वारदातों को लेकर अब पुलिस ने विभिन्न सोसायटियों को एडवाइजरी जारी कर दी है। इसमें सोसायटियों को कई तरह की सलाह दी गई है। पुलिस की यह एडवाइजरी एसीपी मदन लाल मीणा की तरफ से जारी की गई है। इसमें लोगों को सोसायटियों के आसपास घूम रहे अनजान बाइकरों पर नजर रखने, उनकी सूचना पुलिस को देने, गाड़ियों व स्कूटरों में जीपीएस लगवाने की सलाह भी शामिल है।

पार्कों पर दी गई सलाह के बाद लोग पार्कों में लाइट न होने और रात के समय असामाजिक तत्वों के शराब पीने की कई शिकायतें अब पुलिस तक पहुंचा रहे हैं। जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि सुबह शाम पार्कों में घूमते समय, स्कूल के लिए अपने बच्चों को ले जाते या घर लाते समय, अपार्टमेंट के गेट के बाहर स्कूल बस में बिठाते हुए सतर्क रहें। इस दौरान ध्यान रखें कि यदि किसी बाइक या स्कूटर पर सवार दो लड़के या कोई पैदल चलने वाला भी आपका पीछा कर रहा है या आपके पास खड़ा है तो सचेत हो जाएं।

ऐसे लोग आपके फोन, चेन आदि झपट सकते हैं। ऐसे लोगों के नजर आने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। वहीं द्वारका डीसीपी की तरफ से द्वारका में सुरक्षा आपके द्वार योजना शुरू की जा रही है। इसके तहत पुलिस भी कई तरह के कदम उठा रही है।

इस नोटिस के बाद सोसायटियों ने सूचना पहुंचाना भी शुरू कर दिया है। द्वारका सेक्टर-9 फेडरेशन ऑफ सोसायटी एंड आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष डॉक्टर खेम सिंह भाटी ने बताया कि डीडीए पार्क नंबर 3 सेक्टर-9 में अंधेरा होने के बाद कई युवक आकर शराब पीते हैं। इसकी शिकायत पहले भी की गई है, लेकिन हल नहीं हुआ। इसी तरह की शिकायतें कुछ अन्य आरडब्ल्यूए और सोसायटियों ने भी की है।

पुलिस की सलाह, ऐसा करने से कम होगा क्राइम

- सोसायटी के मैन गेट के दोनों तरफ कैमरा लगवाना
- सभी लोग अपनी गाड़ियों, जिसमें कारें, स्कूटर और बाइक सभी शामिल, में जीपीएस लगवाएंगे
- बाहर जाते समय आरडब्ल्यूए को बंद फ्लैट की जानकारी देना
- सोसायटी में कैमरे लगवाकर अपराध को रोकने और अपराधियों को पकड़ने में पुलिस की मदद
- नए किरायेदारों और सोसायटियों में आ रहे हेल्परों की सूचना पुलिस को देंगे और उनकी वेरिफिकेशन भी करवाएंगे
- सोसायटी के आसपास किसी संदिग्ध के घूमने की सूचना तुरंत पुलिस तक पहुंचाएं
- पार्कों के आसपास व पार्क में संदिग्धों व शराब पीने वालों की जानकारी पुलिस को दें

व्यापारियों के साथ डीडीए उपाध्यक्ष की मुलाकात

■ वि, नई दिल्ली : एनडीएमसी उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने 9 मई को डीडीए उपाध्यक्ष से उनके डीडीए कार्यालय, विकास सदन, नई दिल्ली में ग्रीन पार्क मार्केट असोसिएशन के दुकानदारों और व्यापारियों के साथ दुकानों की सीलिंग से जुड़े मुद्दे पर मुलाकात की। वहीं अखिल भारतीय दिल्ली विकास प्राधिकरण इंजिनियर्स असोसिएशन के पदाधिकारी परम यादव ने भी उपाध्यक्ष-डीडीए से मुलाकात की।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS- नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शनिवार, 14 मई 2022 ED

सिसोदिया ने अमित शाह को लिखी चिट्ठी, कार्रवाई रोकने की मांग की

दिल्ली को तबाह करने के लिए बीजेपी ने बनाया वसूली का प्लानः सिसोदिया

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

उपमुख्यमंत्री ने कहा, बीजेपी ने दिल्ली में 63 लाख लोगों के घरों पर बुलडोजर चलाने की तैयारी की है

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखकर बीजेपी शासित एमसीडी द्वारा दिल्ली को बर्बाद करने से रोकने को कहा है। शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री ने जानकारी देते हुए कहा कि बीजेपी ने दिल्ली में बुलडोजर से वसूली का बड़ा प्लान बनाया है और बुलडोजर से वसूली के लालच के कारण पूरी दिल्ली को तहस-नहस करने में लगी हुई है।

सिसोदिया ने कहा कि बीजेपी ने दिल्ली में 63 लाख लोगों के घरों पर बुलडोजर चलाने की तैयारी की है। आज बीजेपी पूरी दिल्ली में बुलडोजर लेकर घूम रही है, क्योंकि उसने दिल्ली के 63 लाख लोगों को बेघर करने का पूरा प्लान बना लिया है। कच्ची कॉलोनियों और झुग्गियों में बने घरों में 60 लाख लोग रहते हैं और बीजेपी का इन सबको तोड़ने का प्लान है। पहले तो बीजेपी नेताओं ने पैसे लेकर इन्हें अवैध तरीके से बसाया और फिर उन्हें तोड़ रही है और इसके साथ-साथ डीडीए कॉलोनी में बालकनी-कमरे बनाने या घरों में छोटे-मोटे ऑपरेशन करने वाले 3 लाख लोगों के मकान भी तोड़ेगी।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बीजेपी दिल्ली की 70 प्रतिशत आबादी के घरों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें बेघर करने की तैयारी में है। ये दिल्ली ही नहीं, पूरे देश में अराजकता को सबसे बड़ी तबाही होगी। उन्होंने कहा कि बीजेपी का एमसीडी में कार्यकाल पूरा हो चुका है फिर भी वो वसूली के लिए बुलडोजर लेकर घूम रही है। आम आदमी पार्टी, बीजेपी के बुलडोजर से वसूली के इस घटिया राजनीति का विरोध करती है। आज बीजेपी की वजह से पूरी दिल्ली की जनता पर मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा है। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी का 1-1 कार्यकर्ता और दिल्ली सरकार लोगों के साथ खड़ी है, चाहे हमें जेल जाना पड़े लेकिन बुलडोजर को रोककर जनता को तबाह होने से बचाएंगे।

सिसोदिया ने चिट्ठी के माध्यम से अमित शाह से कहा कि इन लोगों की जवाबदेही तय करें, जिन्होंने पैसे लेकर 10 साल में ये निर्माण होने दिए।

बिना वजह डरा रहे हैं डिप्टी सीएम : आदेश

आदेश गुप्ता, नेता

■ बिस, नई दिल्ली : बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने भी सिसोदिया और आम आदमी पार्टी पर अतिक्रमण विरोधी मुहिम को धार्मिक रंग देकर लोगों को डराने का आरोप लगाया। सिसोदिया की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद एक बयान जारी कर आदेश गुप्ता ने कहा कि जबसे रोहिंग्या-बांग्लादेशियों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण पर निगम का बुलडोजर चलाया जा रहा है, तबसे दिल्ली के उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को दर्द हो रहा है। इस कार्रवाई के बाद शब्द वह मीडिया के सामने आकर दिल्ली की जनता के अंदर डर फैला कर रहे हैं। उन्हें इस बात का एहसास हो चुका है कि अवैध रोहिंग्या-बांग्लादेशी, जो पार्टी का वोट बैंक है, उनका दिल्ली से हटना तय है। आदेश गुप्ता ने कहा कि अतिक्रमण को धर्म और राजनीति से ऊपर उठकर देखने की जरूरत है, लेकिन आप और उसके नेता इसे मजहब से जोड़कर लोगों के अंदर जहर घोलने का काम कर रहे हैं। उन्होंने सिसोदिया को इस मुद्दे पर राजनीति न करने की नसीहत देते हुए कहा कि आप नेता अतिक्रमण करने वालों को संरक्षण देना बंद करें।

सिसोदिया पर दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष का पलटवार

THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI
SATURDAY, MAY 14, 2022

'Compensatory plantation norms will not be relaxed'

TIMES NEWS NETWORK

New Delhi: Environment minister Gopal Rai on Friday said they would not reduce the number of saplings under compensatory plantation from 10 to two. Delhi Development Authority had recently requested Delhi government to relax the norm of planting 10 saplings for each tree being cut down to two.

In response to DDA's letter, Rai said, "Describing the scarcity of land, DDA has requested to revise the compensatory plantation from 1:10 to 1:2. The forest department has been directed to issue an order directing DDA to submit a detailed report on the available land to them. In anticipation of a potential land constraint and to increase green cover in Delhi, the department has formed a nine-member green cover development committee. This committee will work to increase green space based on land availability."

The minister said the government's policy of planting 10 trees for every tree felled would continue. "Considering Delhi's environment condition, we are rejecting DDA's proposal as we cannot compromise with it," he further stated.

The nine-member committee will have two representatives from PWD and one each from CPWD, DDA, forest department, corporation, School of Planning and Architecture, Delhi Urban Art Commission and Indian Agricultural Research Institute. It will suggest alternatives to overcome land shortage and look for options like utilising space on rooftops of government buildings and vertical greening.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NEW DELHI
SATURDAY
MAY 14, 2022

NAME OF NEWSPAPERS- नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शनिवार, 14 मई 2022 TED-

Hindustan Times

PANEL TO REVIEW GREEN COVER IN CAPITAL, SAYS RAI

NEW DELHI: The Delhi government on Friday constituted a nine-member green cover development committee to enrich and increase Delhi's green cover and said it will also engage the Forest Research Institute in Dehradun to independently audit the tree transplantation done by all departments to monitor progress on ground.

Departments that fail to submit reports of their tree transplantation work so far will not be granted construction clearances anymore, environment minister Gopal Rai said on Friday.

In response to a Delhi Development Authority (DDA) letter, seeking to revise the tree transplantation policy for compensatory plantation — from 10 saplings for every tree cut to two saplings for each tree felled — citing paucity of land, Rai said the forest department has been directed to seek a detailed report from the DDA on the land available with it.

The government will blacklist any empanelled agency that does not perform tree transplantation work optimally. The Forest Research Institute Dehradun will also audit the tree transplantation exercise, Rai said. HTC

वृक्ष प्रत्यारोपण नीति को लेकर सरकार सख्त, की समीक्षा बैठक

9 सदस्यीय ग्रीन कवर डेवलपमेंट कमेटी का किया गठन

■ विस, नई दिल्ली : वृक्ष प्रत्यारोपण (ट्री ट्रांसप्लांटेशन) की नीति को लेकर शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक में वन विभाग, एमसीडी, दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन, सीपीडब्ल्यूडी, एनसीआरटीसी, पीजीसीआइएल, पीडब्ल्यूडी, जल बोर्ड आदि विभाग के अधिकारी शामिल हुए। बैठक को लेकर पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली में पहले विकास कार्य के लिए पेड़ों को काटा जाता था और उनकी जगह पर नए पौधे लगाए जाते थे। जो नए पौधे लगाए जाते हैं, उनको विकसित होने में काफी समय लगता था, इसलिए सरकार ने वृक्ष प्रत्यारोपण नीति बनाई, ताकि जो पेड़ पौधे ट्रांसप्लांट हो सकते हैं, उनको ट्रांसप्लांट किया जाए सके।

मंत्री ने कहा कि पिछले साल में जिन एजेंसियों ने ट्री ट्रांसप्लांटेशन के लिए विभाग से अनुमति ली थी, उसे लेकर शुक्रवार को संबंधित विभागों और एजेंसियों के साथ संयुक्त समीक्षा बैठक की गई। इस बैठक के दौरान आई रिपोर्ट के आधार पर यह देखा गया है की विभिन्न विभागों और एजेंसियों के वृक्ष प्रत्यारोपण को लेकर अलग अलग सर्वाइवल रेट है, जिसमें वृक्षों का औसतन सर्वाइवल रेट 50 से 55 प्रतिशत पाया गया है। साथ ही कई एजेंसियों और विभागों के संतोषजनक परिणाम नहीं होने के कारण विभागों द्वारा किए गए ट्री ट्रांसप्लांटेशन का ऑडिट अब फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टिट्यूट, देहरादून करेगी।

गोपाल राय ने कहा जो भी एजेंसी ट्री-ट्रांसप्लांटेशन से संबंधित कार्य को बेहतर रूप से नहीं करेगी, उस एजेंसी को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा।

पर्यावरण मंत्री ने डीडीए की तरफ से आए पत्र के बारे में जवाब देते हुए बताया कि डीडीए ने जमीन की कमी बताते हुए प्रस्ताव दिया कि एक काटे गए पेड़ के बदले 10 पेड़ लगाने की जगह केवल 2 पेड़ लगाने का नियम बनाया जाए। इस प्रस्ताव को लेकर सबसे पहले वन विभाग को निर्देश दिया गया है कि वह डीडीए को जमीन के संदर्भ में डिटेल रिपोर्ट जमा करने के लिए आदेश जारी करे, जिससे कि डीडीए के पास उपलब्ध जमीन का पूरा ब्यौरा विभाग को मिल सके। हरित क्षेत्र को बढ़ाने को लेकर 9 सदस्यीय ग्रीन कवर डेवलपमेंट कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया है।

दिल्ली सचिवालय में शुक्रवार को हुई एक उच्च स्तरीय बैठक

> जिन विभागों ने वृक्ष प्रत्यारोपण से संबंधित रिपोर्ट नहीं सौंपी, उन विभाग से संबंधित फाइलों को अनुमति नहीं मिलेगी —गोपाल राय, पर्यावरण मंत्री

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS हिन्दुस्तान नई दिल्ली, शनिवार, 14 मई 2022 DATED

उपमुख्यमंत्री ने भाजपा पर बुलडोजर से वसूली का आरोप लगाया, आदेश गुप्ता ने कहा-अभियान को मजहबी रंग दिया जा रहा

राजधानी में बुलडोजर पर छिड़ा सियासी संग्राम

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। दिल्ली में बुलडोजर पर सियासत तेज हो गई है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भाजपा बुलडोजर से वसूली कार्यक्रम चला रही है। उन्होंने कार्रवाई को रुकवाने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। उधर, भाजपा ने कहा कि जब से निगम ने रोहिंग्या-बांग्लादेशियों द्वारा किए गए अतिक्रमण हटाना शुरू किया है तब से आप को परेशानी हो रही।

सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली भाजपा ने नगर निगम के साथ मिलकर दिल्ली को तबाह करने की योजना बनाई है। दिल्ली की कच्ची कॉलोनियों और झुग्गियों में बने घरों में 63 लाख लोग रहते हैं। भाजपा की इन सबको तोड़ने की योजना है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले निगम अधिकारियों और भाजपा नेताओं की मिलीभगत से इसे अवैध ढंग से बनाया गया है। अब बुलडोजर चलाकर तोड़ा जा रहा है। साथ ही डीडीए कॉलोनी में बालकनी-छज्जा बनाने या घरों में छोटे-मोटे बदलाव करने वाले तीन लाख लोगों के मकानों को भी तोड़ने की तैयारी है।

गृह मंत्री को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि अगर यह हुआ तो दिल्ली के 63 लाख घरों में तोड़फोड़ की जाएगी। पत्र में आगे लिखा गया है कि अगर यह अवैध था तो भाजपा शासित निगम ने इसे बनने क्यों दिया। पहले 15 वर्षों तक यह अवैध निर्माण होने दिए गए। अब उन्हीं लोगों के घरों को तोड़ने पर आमादा है। उन्होंने लिखा कि गृह मंत्री से अपील करता हूं कि इसे समय रहते रोका जाए, नहीं तो दिल्ली में तबाही मच जाएगी।

हम कार्रवाई का विरोध करते हैं : अमानतुल्लाह की गिरफ्तारी को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब पर मनीष सिसोदिया ने कहा कि हम कार्रवाई का विरोध करते हैं।

केजरीवाल ने आप विधायकों की बुलाई बैठक

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को आप विधायकों की बैठक बुलाई है। पार्टी नेता मनीष सिसोदिया पहले ही कह चुके हैं कि आप विधायक बुलडोजर का विरोध करने के लिए जनता के साथ खड़े रहेंगे। दिल्ली में अगले कुछ महीनों में नगर निगम चुनाव होने हैं। ऐसे में पार्टी को कोई नुकसान न हो, पार्टी यह जानकर बुलडोजर राजनीति पर आगे की रणनीति बनाने के लिए राष्ट्रीय संयोजक एवं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल खुद विधायकों से इस मुद्दे पर चर्चा करेंगे।

भाजपा का पलटवार

पलटवार करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि अवैध अतिक्रमण को धर्म और राजनीति से ऊपर उठकर देखने की जरूरत है, लेकिन आप नेता इसे मजहब से जोड़कर लोगों के अंदर जहर घोलने का काम कर रहे हैं। आदेश गुप्ता ने कहा कि रोहिंग्या-बांग्लादेशी दिल्ली में दंगे करते हैं, अपराध करते हैं आप नेताओं को दिल्ली के गरीबों की चिंता नहीं है।

दक्षिण निगम के आश्रम में शुक्रवार को निगम दस्ते ने कार्रवाई करते हुए सड़क पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया। आश्रम में 1400 मीटर क्षेत्र से अतिक्रमण हटाया गया और 23 सामान सहित दो वाहनों को जब्त किया।

75 झुग्गियां और 15 कमरे ढहाये गए

13 सौ मीटर का इलाका अतिक्रमण मुक्त किया

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

दैनिक जागरण नई दिल्ली, 14 मई, 2022

दिल्ली जागरण

पार्कों में बन रहीं मस्जिदें, लोग नाराज

बच्चों के खेलने को भी जगह नहीं, अतिक्रमण के खिलाफ अभियान से बंधी आस

सोनू राणा • बाहरी दिल्ली

बवाना जेजे कालोनी के पार्कों में धड़ल्ले से मस्जिदों का निर्माण किया जा रहा है। इस वजह से बच्चों के खेलने व बुजुर्गों के टहलने की जगह खत्म होती जा रही है। सरकारी जमीन पर किए जा रहे धार्मिक स्थलों के निर्माण को लेकर स्थानीय लोग काफी नाराज हैं। अब जिस तरह से नगर निगम ने दिल्ली में अतिक्रमण व अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान छेड़ा है, ऐसे में लोग आस लगाकर बैठे हैं कि बवाना जेजे कालोनी के पार्कों से भी जल्द अतिक्रमण हटाया जाएगा।

विडंबना है कि कुछ लोग धर्म के नाम पर इस तरह के अतिक्रमण व अवैध निर्माण को बढ़ावा दे रहे हैं। पहले वह झुग्गी डालकर छोटा सा धार्मिक स्थल बनाते हैं और फिर धीरे-धीरे उसे बड़ा रूप दे दिया जाता है। जैसे-जैसे चंदा इकट्ठा होता रहता है, वैसे वैसे धार्मिक स्थान बड़ा होता रहता है। फिलहाल, बवाना जेजे कालोनी में 20 से ज्यादा छोटे-बड़े धार्मिक स्थल हैं, जिनमें से 10 से ज्यादा सरकारी जमीन (दिल्ली शहरी आवास बोर्ड, नगर निगम, डीडीए) पर अवैध रूप से बनाए गए हैं। बवाना जेजे कालोनी के बी, सी व डी ब्लाक में अभी भी धार्मिक स्थलों पर निर्माण जारी है।

पार्कों में धार्मिक स्थल बनाने का ही नतीजा है कि अब बवाना जेजे कालोनी के 80 फीसद बच्चे, युवा, बुजुर्ग व महिलाएं सड़कों पर खेलने व टहलने को मजबूर हैं। सुबह से शाम तक बवाना से नरेला रोड पर सैकड़ों की संख्या में लोग दिखाई देते हैं।

स्थानीय निवासी संजय ने शुक्रवार को बताया कि जहाँ से बवाना जेजे कालोनी में सरकारी जमीन पर कब्जा करने का खेल चल रहा है। पहले छोटा सा धार्मिक स्थल बना दिया जाता है और फिर उसे बड़ा कर दिया जाता है। जब इस बारे में शिकायत की जाती है तो दिन के समय तो निर्माण कार्य रोक दिया जाता है, लेकिन रात के अंधेरे में निर्माण कार्य जारी रहता है। उन्होंने बताया कि ब ब्लाक के धार्मिक स्थल का दरवाजा रातों रात में सड़क की तरफ बना दिया गया। अब इलाके के बच्चों के पास खेलने के लिए कोई जगह नहीं है। बच्चे सड़कों पर खेलते हैं।

इलाके के विरेंद्र सिंह ने बताया कि बवाना जेजे कालोनी के हर पार्क पर अवैध रूप से धार्मिक स्थल बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि उनके घर के बाहर भी एक धार्मिक स्थल बनाया जा रहा था। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो अतिक्रमणकारी ने कहा, 'छोटे से धार्मिक स्थल से क्या अतिक्रमण होगा।' इसके बाद अब लोगों की धार्मिक भावनाएं धार्मिक स्थल से जुड़ गई हैं। साथ ही पड़ोस में कोई विवाद न हो, इसलिए वे कुछ बोल भी नहीं पा रहे हैं।

बवाना जेजे कालोनी सी ब्लाक के पार्क में अवैध रूप से बनाई जा रही मस्जिद। करीब 300 गज का यह पार्क डीडीए के अंतर्गत आता है • जागरण

बवाना जेजे कालोनी में मस्जिदों की स्थिति

ब्लाक	कुल मस्जिद	अवैध मस्जिद
ए	3	2
बी	5	1
सी	2	2
डी	2	2
ई	5	3
एफ	2	2
एम	1	1

सैकड़ों झुग्गियां बना रखी हैं सरकारी जमीन पर

सूत्रों के अनुसार बवाना जेजे कालोनी में सभी लोगों के घर हैं। लोग घरों को किराये पर देकर सरकारी जमीन पर झुग्गियां बनाकर रहते हैं। वर्तमान में बवाना जेजे कालोनी में सैकड़ों लोग झुग्गियों में रहते हैं। इन झुग्गियों में कई तरह के नशे की बिक्री भी खुलेआम होती है।

बवाना जेजे कालोनी के पार्कों में अवैध निर्माण की जानकारी प्राप्त हुई है। पता किया जाएगा कि नगर निगम की जगह पर अवैध निर्माण किया गया है या किसी दूसरे विभाग की। मामले की जांच कर कार्रवाई शुरू की जाएगी।

रणजीत सिंह, निगम उपायुक्त, नगर निगम नरेला जोन

डीडीए को पर्यावरण मंत्रालय बताएगा राजधानी में कहां लगाने हैं पौधे

- पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने नौ सदस्यीय समिति का किया गठन
- दस के स्थान पर दो पौधे लगाने के डीडीए के अनुरोध को किया खारिज

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली : पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा है कि राष्ट्रीय राजधानी में पौधारोपण के लिए भूमि की कमी को दूर किया जाएगा। इसके लिए नौ सदस्यीय 'हरित आवरण विकास समिति' का गठन किया जा रहा है। यह समिति भूमि की कमी का विकल्प तलाशेगी। इसके साथ ही दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के उस अनुरोध को भी खारिज कर दिया गया है, जिसमें भूमि की कमी की वजह से प्रतिपूरक वृक्षारोपण योजना के तहत दस के स्थान पर दो पौधे लगाने की अनुमति मांगी गई थी।

शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि डीडीए ने दिल्ली वन विभाग को पत्र लिखकर कहा कि विकास योजनाओं के लिए काटे जाने वाले वृक्षों की प्रतिपूर्ति के लिए पौधे लगाने को उनके पास भूमि नहीं है। ऐसे में दिशा-निर्देशों बदलाव किया जाए। लेकिन, पर्यावरण मंत्रालय ने इस अनुरोध को खारिज कर दिया है। इसके बजाय डीडीए को यह बताया जाएगा कि राजधानी में पौधारोपण के लिए क्या विकल्प हैं। 'हरित आवरण विकास समिति' में लोक निर्माण विभाग, डीडीए, वन विभाग, नगर निगम, स्कूल आफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग, दिल्ली शहरी कला आयोग और भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान-पूसा के सदस्य होंगे। यह समिति सरकारी भवनों की छतों पर उपलब्ध जगह, वर्टिकल ग्रीनिंग आदि जैसे विकल्पों पर भी गौर करेगी।

एफआरआइ से पौधारोपण का आडिट कराएगी दिल्ली सरकार : गोपाल राय ने कहा कि सरकार देहरादून स्थित वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआइ) से दिल्ली में पौधारोपण का तृतीय-पक्ष आडिट कराएगी। पिछले दो से तीन वर्ष में 27 एजेंसियों और विभागों को उनके विकास कार्यों के लिए पेड़ लगाने की अनुमति दी गई है। उनमें से प्रमुख रूप से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम, राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम, दिल्ली मेट्रो, दिल्ली जल बोर्ड, लोक निर्माण विभाग, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग, रेल भूमि विकास प्राधिकरण और एमसीडी शामिल हैं। राय ने बताया कि विभागों से 13 मई तक प्रत्यारोपित किए गए पेड़ों की संख्या, उनके स्थान और उनके जीवित रहने की दर पर एक रिपोर्ट मांगी गई थी। इसमें विभागों ने बताया कि 55 प्रतिशत तक पेड़ परियोजना-वार जीवित रहने की दर है। हालांकि, कुछ एजेंसियों ने खराब प्रदर्शन किया है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPER: दैनिक जागरण | 5 --DATED-- नई दिल्ली, 14 मई, 2022

दिल्ली को तबाह कर रही भाजपा : सिसोदिया

अतिक्रमण विरोधी अभियान पर पार्टी विधायकों के साथ सीएम आज करेंगे बैठक

कुल ब्यूरो, नई दिल्ली: मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित नगर निकायों द्वारा चलाए जा रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान पर शनिवार को आम आदमी पार्टी (आप) के सभी विधायकों के साथ अहम बैठक करेंगे। सुबह 11 बजे सिविल लाइंस स्थित केजरीवाल के आधिकारिक आवास पर बैठक शुरू होगी जिसमें अतिक्रमण विरोधी अभियान को लेकर भाजपा को राजनीति का मुकाबला करने के लिए रणनीति तैयार की जाएगी।

इससे पूर्व शुक्रवार को एक डिजिटल पत्रकार वार्ता में दिल्ली में चल रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान को लेकर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा बुलडोजर से वसूली कार्यक्रम चला रही है। उन्होंने तोड़फोड़ की कार्रवाई को रुकवाने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को भी पत्र लिखा है। उनसे मांग की गई है कि मामले में तुरंत हस्तक्षेप कर इस तरह की कार्रवाई को रुकवाया जाए।

सिसोदिया ने कहा है कि भाजपा ने नगर निगम के साथ मिलकर दिल्ली को तबाह करने की योजना बनाई है। इससे दिल्ली के 63 लाख लोग बेघर हो जाएंगे। सिसोदिया ने कहा कि भाजपा ने दिल्ली में 63 लाख लोगों के घरों पर बुलडोजर चलाने की तैयारी की है। कच्ची कालोनियों और झुग्गियों में बने घरों में 60 लाख लोग रहते हैं। भाजपा को इन सब को तोड़ने की योजना है।

उपमुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि पहले नगर निगम अधिकारियों और भाजपा नेताओं की मिलीभगत से इसे अवैध रूप से बसाया गया। अब बुलडोजर चलाकर तोड़ा जा रहा है। साथ ही डीडीए कालोनी में बालकनी-छज्जा बनाने या घरों में छोटे-मोटे बदलाव करने वाले तीन लाख लोगों के मकानों को भी तोड़ने की तैयारी है।

गृह मंत्री को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि अगर ऐसा हुआ तो दिल्ली में यह सबसे बड़ी तबाही होगी। पत्र में उन्होंने सवाल उठाया है कि अगर यह अवैध था तो भाजपा शासित निगम ने इसे बनने ही क्यों दिया? पहले 15 वर्ष तक अवैध निर्माण होने दिए गए। अब उन्हीं लोगों के घरों को तोड़ा जा रहा है। उन्होंने लिखा कि गृह मंत्री से अपील करता हूं कि इसे समय रहते रोका जाए, नहीं तो दिल्ली में तबाही मच जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे नेता, विधायक और कार्यकर्ता आम जनता के साथ खड़े हैं। अगर हमें इसका विरोध करते हुए जेल जाने की जरूरत पड़ी, तो भी हम पीछे नहीं हटेंगे।

मीडिया को संबोधित करते उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया • डी. दिल्ली सरकार

- सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री आवास में होगी नगर निगम की अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई पर चर्चा
- 63 लाख लोगों को बेघर करने की तैयारी, कार्रवाई रुकवाने को गृह मंत्री को लिखा पत्र

घर से अतिक्रमण हटाएं गुप्ता, वरना पहुंचेगा बुलडोजर : पाठक

आप आदमी पार्टी ने भाजपा शासित नगर निगम को चुनौती दी है कि यदि शनिवार सुबह 11 बजे तक भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता के घर और दफ्तर से अतिक्रमण को नहीं हटाया गया तो आप कार्यकर्ता खुद बुलडोजर की कार्रवाई करेंगे। शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में पार्टी की ओर से नगर निगम के प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा कि आदेश गुप्ता के घर और दफ्तर में अवैध निर्माण किया गया है, लेकिन इस पर अब तक कार्रवाई नहीं हुई है। आप ने नगर निगम के मेयर और कमिश्नर को शिकायत लिखकर आदेश गुप्ता के घर और दफ्तर पर बुलडोजर चलाने की मांग की है। पाठक का कहना है कि पूरी दिल्ली को तबाह करने वाली भाजपा शासित नगर निगम के किसी नेता या किसी अधिकारी के खिलाफ अबतक बुलडोजर की कार्रवाई क्यों नहीं हुई है?

पाठक को बुलडोजर चलाने का अधिकार किसने दिया : खुराना

वि., नई दिल्ली: प्रदेश भाजपा मीडिया रिलेशन विभाग के प्रभारी हरीश खुराना का कहना है कि यदि आप नेता कानून हाथ में लेने का दुस्साहस करेंगे तो कानून अपना काम करेगा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बताना चाहिए कि आखिर किस हैसियत से आप नेता दुर्गेश पाठक भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के घर पर बुलडोजर चलाने की बात कर रहे हैं। आखिर उनको किसने यह अधिकार दिया है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS- THE INDIAN EXPRESS, SATURDAY, MAY 14, 2022

In sharp escalation, Sisodia shoots letter to Amit Shah over BJP's 'cheap bulldozer politics'

EXPRESS NEWS SERVICE
NEW DELHI, MAY 13

CALLING THE anti-encroachment drive by the MCDs "cheap and unjustified bulldozer politics", Deputy Chief Minister Manish Sisodia Friday wrote to Union Home Minister Amit Shah asking him to immediately stop the drive in Delhi.

"It is my appeal to you to ask your leaders not to do such dangerous politics in the name of bulldozer and demolition drive. Ask BJP leaders and MCD mayors, councillors and officials why they gave permission in the first place to construct houses in these areas. They first made a lot of money and are now displacing people under the pretext of bulldozer politics. Instead of creating trouble in the lives of people by demolishing their houses, action should be taken against such leaders and officials and a demolition drive should be carried out in the houses of leaders who gave permission to establish houses and societies in these colonies," he wrote.

Chief Minister Arvind Kejriwal has also called a meeting of all AAP MLAs on Saturday to discuss the issue. Officials said that a strategy will be chalked out to counter the BJP's politics over the anti-encroachment drives.

Deputy CM Sisodia

The demolition drives have taken a political hue ever since one was conducted in Jahangirpuri, days after communal violence erupted in the area. An outer gate of a mosque was among the structures taken down there, and the matter had reached the Supreme Court, which effectively stopped the MCD action by ordering status quo. While the BJP has sought to link such drives to "illegal Bangladeshis and Rohingya" living in the capital, the AAP alleges it is a bid by the civic bodies to extort money from people. Thursday was the first time residential buildings were demolished in Madanpur Khadar.

Addressing a press conference, Sisodia said, "Delhi has 1,750 unauthorised colonies where around 50 lakh people live, and around 10 lakh people live in 860 slum and JJ clusters. The Delhi BJP is planning to bulldoze all these houses and make people homeless. The leaders reach one colony every day with their bulldozers. This is cheap and unjustified politics."

He added that the AAP and every one of its leaders and party members will take to the roads to oppose this, and even go to jail to stop the demolition drive: "We will put our lives on the line, we will go to jail but we won't let BJP's terror prevail."

Sisodia also said notices have been issued to around 3 lakh residents living on authorised DDA land because they made minor modifications and extended their balcony or constructed a small structure on their terrace. "There is not a single house and bungalow where such small alterations have not been done," he said.

"This will result in India's worst calamity with more than 60 lakh people being homeless as a result of the BJP's bulldozer tactics in Delhi. There will be widespread outrage and there will be no greater damage in India's history," he said.

Hitting back at Sisodia, Delhi BJP president Adesh Gupta said the AAP leader was concerned over the demolition drive as bulldozers were being used to remove encroachments by Rohingya and Bangladeshis "given shelter" by his party.

In March, police declared AAP MLA 'bad character'

EXPRESS NEWS SERVICE
NEW DELHI, MAY 13

AAP MLA Amanatullah Khan, arrested during protests against an MCD demolition drive Thursday, was declared a 'bad character (BC)' — a term typically used for persons with a criminal record — by the Delhi Police in March, The Indian Express has learnt.

Khan, the MLA from Okhla, was arrested after clashes broke out between locals and police personnel during an anti-encroachment drive by the South MCD in Madanpur Khadar. He was released on bail Saturday.

Khan's 'history sheet' was prepared by the SHO (Jamia Nagar) Satish Kumar on March 28, and approved by DCP (Southeast) Esha Pandey on March 30. It mentions details of 18 cases registered against him, of which he has been discharged in seven and acquitted in two. In one case the FIR was quashed, three of the cases were compounded, trial is pending in five.

Khan's lawyer, advocate Md Irshad, said: "They have declared him a 'bad character' just to defame him and tarnish the image of the Aam Aadmi Party. They have mentioned cases in which he has already been discharged or acquitted, or cases where trial/investigation is pending. We are going to the High Court against Delhi Police for defaming him."

The 'history sheet' prepared by SHO Kumar alleges: "Khan created terror in general. A total of 18 cases/FIRs have been registered against him in different police stations of Delhi. Most cases are related to intimidation, threatening, hurt, riots, causing hindrance duties of public servants and causing enmities between two groups/communities. In view of the above involvements of the proposed BC Amanatullah Khan, it is clear he has become a habitual and desperate criminal of the area. He has no respect for the law and has been repeatedly indulging in serious criminal activities."

"... Keeping in view his criminal record and activities, his surveillance is necessary. If approved, we may open his history sheet and his name be entered in register... so that a close surveillance on his activities can be kept," it alleges.

Will write to DDA on land for tree plantation: Rai

New Delhi: With DDA informing the Forest Department that land is scarce for tree plantation, the Delhi government will write to it seeking a report on land that is available, Environment Minister Gopal Rai said Friday.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI SATURDAY, MAY 14, 2022 DATED

₹15L And ₹10L To Kin Of 2 Who Died When Mountain Of Shame Crashed

Court Says The Deaths Appeared To Be Caused By Negligence Of Authorities

Usha.Das@timesgroup.com

New Delhi: Five years after two persons died when fifty tonnes of garbage crashed down the 16-storey-high mountain of waste in east Delhi's Ghazipur, a city court underlined it was "negligent conduct" of the municipal corporation and Delhi government in maintaining the landfill there that eventually caused the two deaths. On Friday, additional district judge Vijay Kumar Jha directed East Delhi Municipal Corporation and Delhi government to pay a compensation of Rs 15 lakh and Rs 10 lakh, respectively, to the families of Gautam and Kumari.

On September 1, 2017, after several days of rain, the garbage mound at the landfill had collapsed, in the process sweeping vehicles and seven people into the Kondli canal and causing the deaths of Abhishek Gautam and Raj Kumari.

Passing the order in both cases, the court said that "on the balance of probability", the two deaths appeared to have been "caused because of the negligent conduct of the defendants in maintaining the landfill".

A defence witness for EDMC had deposed that the garbage had collapsed due to technical and scientific reasons and it was a natural accident for which no person was responsible. To this, the court said that EDMC, by putting up such depositions, was trying to avoid the liability for the deaths on the ground and arguing that the landfill crash had occurred because of natural circumstances and that it was an act of god for which no person was responsible.

"The defendant no. 2 (EDMC) could have collected garbage at the landfill only up to 20-25 metres, whereas admittedly the height of the garbage was 60-65 metres. Whatever may be the explanation for this, it cannot be denied that if the permission was given to the defendant no. 2 to collect the garbage up to 20-25 metres, there must have been some reason for this and the logical reason appears to be that above that height to which the permission was granted to collect the garbage, it would be dangerous," the court observed.

The court noted that the defence witness had further stated that collection of garbage beyond the permitted capacity was due to compelling circumstances because an alternative site for disposal of the garbage despite many directions from different courts over 24 years hadn't been provided. If true, the court said, this reflected the "administrative apathy, making the officials and department concerned liable for any untoward incident" because of garbage being collected at the Ghazipur landfill beyond the permitted capacity.

File photo

On September 1, 2017, after several days of rain, the garbage mound at Ghazipur landfill had collapsed

EDMC HAD SAID

The garbage had collapsed due to technical and scientific reasons and it was a natural accident for which no person was responsible

Advocate Hitesh Bhardwaj, appearing for the two families, had sought compensation on the ground that the landfill hadn't been properly maintained by EDMC, resulting in the death of Gautam and Kumari.

With respect to the height of the mound, EDMC submitted that it had been demanding an alternative site from the landowning agency, Delhi Development Authority, for two decades to set up a waste management facility but none had been made available to the civic body despite various directions by the courts, forcing EDMC to continue dump daily waste at the Ghazipur landfill.

But the court stated that, even assuming that the incident September 2017 at the landfill occurred because of incessant rain for 2-4 days or due to natural or circumstantial reasons for which no person was responsible, the height of the garbage heap showed that it was not the "natural use of the land" at the landfill and this was proved by the loss of lives of the plaintiffs.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS Hindustan Times DATED NEW DELHI SATURDAY MAY 14, 2022

Bulldozers will destroy Delhi: Sisodia in letter to Amit Shah

HT Correspondent
letters@hindustantimes.com

NEW DELHI: Delhi's ruling Aam Aadmi Party (AAP) escalated its confrontation with the Bharatiya Janata Party (BJP) over "bulldozer politics", with Delhi deputy chief minister Manish Sisodia urging the Union home minister Amit Shah to halt further demolitions in the Capital until investigations are carried out against functionaries of the civic bodies that are controlled by the latter's party.

The developements came a day after AAP legislator Amanatullah Khan was arrested by Delhi Police from southeast Delhi's Madanpur Khadar area, where protests broke out and locals clashed with police when civic officials attempted to bring down illegally built houses. Chief minister Arvind Kejriwal also called a meeting of all MLAs on Saturday to chart out a political counterstrategy.

In the letter, Sisodia said the civic bodies' demolition plans risked rendering homeless around five million residents of Delhi's 1,750-odd unauthorised colonies, and a million who live in 860 slum clusters.

"The BJP's plan in Delhi is now to run municipal bulldozers in all these colonies. Every day, BJP leaders reach some colonies with bulldozers. Not only this, the BJP has also handed notices to 300,000 residents of authorised DDA colonies and plan to carry out demolitions there as well, since people may have made minor alterations to their homes," Sisodia said.

"There will be hardly any flat or bungalow in Delhi where people have not got any minor alterations done," he added.

Home ministry officials did not respond to requests for comment.

Delhi BJP chief Adesh Gupta, in a statement, said the demolition action was being taken against encroachments "by Bangladeshis and Rohingya".

"These elements are involved in riots and criminal activities in the national capital and seek shelter under AAP leaders' protection. AAP is not bothered about the poor. Had it been bothered about them, the AAP government would have implemented central government's free health scheme (Ayushman Bharat) in Delhi. Had AAP been bothered about the poor, the Delhi government would have provided the homeless with homes. Only BJP cares about the poor," Gupta said.

At an anti-encroachment drive in west Delhi's Shyam Nagar. SANCHIT KHANNA/HT PHOTO

The controversy first began in the aftermath of the communal clashes in Jahangirpuri last month, where the North Delhi Municipal Corporation (North MCD) carried out an anti-encorachment days after communal riots broke out in the area between Hindu and Muslim groups. The Opposition, including the AAP and the Congress, accused the BJP of drawing from a playbook used in other BJP-ruled states where bulldozers targeted properties following communal clashes, or to target criminals from the minority community.

In recent days, the demolition drives in the Capital have snowballed – for most of the past week, however, they were peaceful except for protests that caused a drive to be aborted at Shaheen Bagh on Monday and led to protests at Madanpur Khadar on Thursday.

The BJP and the municipal corporations have denied allegations that the drives were targeted at particular communities.

The controversy has overshadowed what is a legitimate and a decades-long problem in the Capital, where swathes of settlements – in affluent as well as poor areas – are illegal, and temporary structures routinely pop up along key stretches, triggering traffic snarls and creating choke points.

